सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-174**
07/04/2018

नागालैंड जदयू के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 07 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अण्णे मार्ग स्थित नेक संवाद में नागालैंड जदयू के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। नागालैंड जदयू के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जदयू नागालैंड प्रदेश अध्यक्ष श्री सेंचुमो लोथा कर रहे थे। मुलाकात के दौरान विभिन्न महत्वूपर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर नागालैंड जदयू प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने भी नागालैंड जदयू के प्रतिनिधिमण्डल के सभी सदस्यों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल को 1 अणे मार्ग स्थित बोधिवृक्ष का भी दर्शन कराया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सांसद श्री आर0सी0पी0 सिंह एवं विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, जदयू प्रवक्ता श्री अजय आलोक, जदयू नेता श्री अफाक अहमद उपस्थित थे।

******